**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक / एफ–3 / 53 / 2018 / 10–11 / 15 / 370 भोपाल, दिनांक 27/01/23

प्रति,

कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन संभाग शिवपुरी,
जिला शिवपुरी, मध्यप्रदेश।

**विषयः–जिला शिवपुरी के अंतर्गत सरकुला मीडियम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु 126.42 हेक्टेयर वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बाबत्।**

संदर्भः–भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोरबाग रोड़, नई दिल्ली का पत्र क्र. क्र. 8-31/2021-FC दि. 26.09.2022

**----0----**

विषयांतर्गत भारत सरकार, नई दिल्ली के संदर्भित पत्र अवलोकन करें। भारत सरकार द्वारा संदर्भित पत्र के बिन्दु क्रमांक–1 से प्रकरण में एन.पी.व्ही. की राशि कम लिए जाने के कारण अन्तर की राशि जमा करने हेतु निर्देश दिए गए है।

उपरोक्त संबंध मे भारत सरकार को इस कार्यालय द्वारा अभ्यावेदन भी प्रेषित किया गया है, किन्तु इसके निराकरण में अधिक समय लगने की सम्भावना है। प्रकरण में उचित होगा कि आवेदित वनक्षेत्र की भारत सरकार द्वारा किये गये वर्गीकरण के अनुसार मध्यम घनत्व वन की गणना अनुसार राशि रूपये 15,53,18,348 / – की राशि जमा की जावे। इस राशि में से रूपये 12,10,82,548 / – की राशि पूर्व में ही आपके द्वारा जमा की जा चुकी है।

अतः शेष राशि रूपये 3,42,35,800 / – को आनलाईन कैम्पा मद में जमा करने का कष्ट करें, जिससे प्रकरण में औपचारिक स्वीकृति शीघ्र प्राप्त की जा सके।

27/1/2023

**(सुनील अग्रवाल)**
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

पृ. क्रमांक / एफ–3 / 53 / 2018 / 10–11 / 15 / 371 भोपाल, दिनांक 27/01/23

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) शिवपुरी वृत्त शिवपुरी, मध्यप्रदेश।
2. वनमंडलाधिकारी, सामान्य वन मण्डल शिवपुरी, मध्यप्रदेश।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

27/1/2023

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

D:\AJ\Data-irrigation\Section F-3 (Part-II).docx